सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

29 सितंबर, 2022 को राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राज्य में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- टीकाराम जूली ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति मोबाइल एप्लीकेशन तथा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, पालनहार योजना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के ऑनलाइन पोर्टल के नवीन स्वरूप का उद्घाटन किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये।
- जूली की अध्यक्षता में पालनहार योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं के सुदृढ़ीकरण व प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एकदिवसीय आमुखीकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम जयपुर स्थित हरीश चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित किया गया।
- यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री ने कहा कि आज सूचना तकनीक का युग है और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता आएगी तथा कार्य में प्रगति होगी।
- उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन मे ज़िलाधिकारियों को आ रही समस्याओं का समाधान करना है।
- शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि विभाग की अधिकारियों और कर्मचारियों की अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से उपस्थिति दर्ज नहीं करने, भ्रष्टाचार करने और अनुशासनहीनता के मामलों में ज़ीरो टॉलरेंस की नीति है।
- कार्यशाला मे पालनहार योजना के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति, छात्रावास, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, सिलिकोसिस योजना, लंबित ऑडिट पैरा के निस्तारण, आवासीय विद्यालय, विद्या संबल योजना, कोर्ट प्रकरणों एवं अवमानना प्रकरण तथा ज़िला स्तर पर लंबित बजट घोषणाओं की समीक्षा की गई और ज़िलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/online-portal-of-social-security-schemes